मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 30/08/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति-506/2025
30 अगस्त 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
=====================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान श्री वाइचुंग भूटिया ने शिष्टाचार भेंट की।
=====================

★ मुख्यमंत्री ने कहा - खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
=====================

★ खिलाड़ियों के सपनों को पंख दे रही है झारखंड की खेल नीति।
=====================

श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखंड

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त खिलाड़ी श्री वाइचुंग भूटिया ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच

झारखंड में खेल विशेषकर फुटबॉल के विकास, खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा खेल अवसंरचना को मजबूत बनाने संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

खिलाड़ियों के सपनों को पंख दे रही है झारखंड की खेल नीति

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि सरकार की खेल नीति के अंतर्गत खिलाड़ियों को स्कॉलरशिप, रोजगार, बेहतर कोचिंग और आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। फुटबॉल जैसे लोकप्रिय खेल के लिए विशेष योजनाएँ भी बनाई जा रही हैं, ताकि ग्रामीण स्तर से प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ाया जा सके। इस अवसर पर श्री भूटिया ने मुख्यमंत्री को झारखंड में खेल विशेषकर फुटबॉल के प्रोत्साहन एवं खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने की दिशा में अपने सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि झारखंड की धरती में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और यहाँ से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार किए जा जा रहें है।

खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने श्री भूटिया का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य सरकार खेलों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि फुटबॉल झारखंड की युवा पीढ़ी के बीच अत्यंत लोकप्रिय खेल है और सरकार इसके आधारभूत ढांचे को मजबूत करने तथा खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण व अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री वाइचुंग भूटिया जैसे दिग्गज खिलाड़ियों का मार्गदर्शन और अनुभव झारखंड के खिलाड़ियों को नई दिशा देगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इससे राज्य के युवा खिलाड़ियों का मनोबल और उत्साह बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि “झारखंड में खेल की अपार संभावना है। सरकार हर स्तर पर खिलाड़ियों को अवसर और सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

###

============

#Team PRD CMO